इवेंट मैनेजमेंट में करियर

आजकल अवॉर्ड फंक्शन, म्यूजिक सेरेमनी या फैशन शो जैसे कार्यक्रम खूब हो रहे हैं। इस तरह के मनमोहक समारोहों का सफलतापूर्वक आयोजन काफी मुश्किल काम होता है, क्योंकि समारोह स्थल में एंट्री से करने से लेकर एंड तक हर छोटी से छोटी गतिविधियां पर नजर रखना होता है। यही कारण है कि इन दिनों इवेंट मैनेजमेंट काफी चर्चित और लोकप्रिय करियर बन चुका है। अगर आप कमाई के साथ-साथ एक्साइटमेंट का भी मजा लेना चाहते हैं, तो आपका यह ख्वाब इवेंट मैनेजमेंट पूरा कर सकता है।

एक वक्त था, जब कुछ बड़ी कंपनियां ही इवेंट्स आयोजित किया करती थीं, लेकिन आज इवेंट मैनेजमेंट एक उद्योग के रूप में स्थापित होता जा रहा है, जिसकी बदौलत एक से बढ़कर एक इवेंट कंपनियां अब सभी स्तरों पर इवेंट्स और कार्यक्रम आयोजित करने लगी हैं। साथ ही इसमें करियर निर्माण की संभावनाएं भी नजर आने लगी हैं। कुछ समय पहले तक इस क्षेत्र में कोई कोर्स या डिप्लोमा नहीं हुआ करता था, लेकिन पिछले कुछ सालों में इस ओर युवाओं की बढ़ती संख्या को देखकर तमाम संस्थानों ने इवेंट मैनेजमेंट के क्षेत्र में लोगों को प्रशिक्षित करने के लिए कोर्स शुरू कर दिए हैं।

देश की अर्थव्यवस्था के लगातार मजबूत होने और कॉरपोरेट कल्चर बढने से इन दिनों ऐसे आयोजनों की बाढ आ गई है। मैरिज-बर्थ डे-वेडिंग रिसेप्शन-एनिवर्सरीज जैसे सामाजिक समारोहों के अलावा प्राइवेट पार्टीज, प्रॉडक्ट लॉन्चेज, चैरिटी इवेंट्स, सेमिनार्स, एग्जीबिशंस, सेलिब्रिटी शोज, इंटरनेशनल आर्टिस्ट शोज, रोड शोज, कॉम्पिटिशंस की बढती संख्या को देखते हुए यह कहा जा सकता है कि इस फील्ड में इवेंट मैनेजमेंट कंपनियों और इवेंट मैनेजर्स की काफी जरूरत है।

❖ कोर्स व योग्यता

आज इवेंट मैनेजमेंट की पढाई के लिए कई तरह के कोर्स चलाए जा रहे हैं। इनमें डिप्लोमा इन इवेंट मैनेजमेंट (डीईएम) एक वर्ष की अवधि का कोर्स है, जिसमें एडमिशन के लिए कम से कम किसी भी स्ट्रीम में स्नातक होना जरूरी है। पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन इवेंट मैनेजमेंट (पीजीडीईएम) भी एक वर्ष का कोर्स है और इसके लिए भी आपको स्नातक होना जरूरी है। इसके अलावा, 6-6 माह के सर्टिफिकेट और डिप्लोमा कोर्स भी चलाए जा रहे हैं, जिनमें प्रवेश के लिए न्यूनतम योग्यता बारहवीं है। अधिकतर संस्थानों में ये सभी कोर्स पार्ट टाइम में करने की भी सुविधा है, जिसे आप किसी जॉब या अन्य पढाई के साथ कर सकते हैं।

❖ पाठ्यक्रम

इवेंट मैनेजमेंट के क्षेत्र में मूल रूप से दो शाखाएं होती हैं-पहला, लॉजिस्टिक मैनेजमेंट, जिसके अंतर्गत समारोह स्थल, सेलिब्रिटीज, दर्शकों, कार्यक्रम का प्रचार आदि का प्रबंध करना सम्मिलित है। दूसरा, मार्केटिंग, जिसमें मीडिया के माध्यमों द्वारा इवेंट का प्रचार-प्रसार तथा आयोजनों का प्रबंध शामिल होता है। इसमें पोस्ट ग्रेजुएट से संबंधित पाठ्यक्रमों में इवेंट मार्केटिंग, पब्लिक रिलेशनशिप तथा स्पोंसरशिप, इवेंट कोऑर्डिनेशन, इवेंट प्लानिंग, इवेंट टीम रिलेशनशिप, इवेंट अकाउंटिंग आदि की सैद्धांतिक और व्यावहारिक ट्रेनिंग दी जाती है। इस दौरान छात्रों को फिल्म अवॉर्ड समारोह, फैशन शो, ज्यूलॅरी प्रदर्शन तथा कॉरपोरेट इवेंट्स जैसे बडे समारोहों के लिए काम करने का अवसर मिलता है।

❖ इवेंट मैनेजमेंट का कार्य

इवेंट मैनेजमेंट से जुडे लोग किसी व्यावसायिक या सामाजिक समारोह को एक खास वर्ग के दर्शकों के लिए आयोजित करते हैं। इसके अंतर्गत मुख्य रूप से फैशन शो, संगीत समारोह, विवाह समारोह, थीम पार्टी, प्रदर्शनी, कॉर्पोरेट सेमिनार, प्रोडक्ट लॉन्चिंग, प्रीमियर आदि कार्यक्रम आते हैं। एक इवेंट मैनेजर समारोहों का प्रबंधन करता है और क्लाइंट या कंपनी के बजट के अनुरूप सुविधाएं प्रबंध करने का जिम्मा लेता है। इवेंट मैनेजमेंट कंपनी किसी पार्टी या समारोह की प्लानिंग से लेकर उस पर इम्प्लीमेंटेशन तक का काम करती है। होटल या बैंक्वेट हॉल बुक करने, साज-सज्जा, एंटरटेनमेंट, ब्रेकफास्ट/लन्च/डिनर के लिए खास तरह के मेन्यू तैयार करवाने, अतिथियों का स्वागत, भांति-भांति से सत्कार आदि की व्यवस्था इवेंट मैनेजमेंट ग्रुप में शामिल लोगों को करनी होती है।

❖ रोजगार की संभावनाएं

विशेषज्ञों के अनुसार, इस समय भारत में 300 से अधिक इवेंट मैनेजमेंट कंपनियां काम कर रही हैं। अनुमान है कि इस समय देश में इसका कारोबार 60-70 प्रतिशत वार्षिक की दर से बढ रहा है। बढते पार्टी कल्चर और इसके लिए इवेंट मैनेजमेंट कंपनी की सेवाएं लेने से अब अनेक संस्थानों ने कई तरह के डिप्लोमा, एडवांस डिप्लोमा, पार्ट टाइम कोर्सेस, ग्रेजुएशन और पोस्ट-गे्रजुएशन कोर्स शुरू कर दिए हैं। अब इस क्षेत्र में एमबीए की डिग्री भी दी जाने लगी है, जो इवेंट मैनेजमेंट के लिए सबसे असरदार डिग्री है। वैसे, फिलहाल ये कोर्स हर जगह सुलभ नहीं हैं। ऐसे में किसी इवेंट मैनेजमेंट कंपनी में ट्रेनिंग लेकर काम सीखा जा सकता है और अनुभव हासिल करने के बाद रेगुलर जॉब या अपनी खुद की इवेंट मैनेजमेंट कंपनी संचालित की जा सकती है।
कुशल संचालन क्षमता तथा संभावित चुनौतियों से निपटने का हुनर किसी भी इवेंट मैनेजर को लोकप्रिय बना सकता है। इस क्षेत्र में करियर तलाश रहे छात्रों के लिए स्कूल तथा कॉलेजों में सांस्कृतिक उत्सवों का संचालन करना ही प्रारंभिक प्रशिक्षण हो सकता है। योग्यता के साथ-साथ उसमें निम्नलिखित व्यक्तिगत गुण होने चाहिए :

- **कम्युनिकेशल स्किल :** यदि आपमें प्रभावशाली कम्युनिकेशन स्किल है, तो इसका उपयोग करके आप इस क्षेत्र में भविष्य संवार सकते हैं। अन्य लोगों के साथ बेहतर कम्युनिकेशन स्किल्स न सिर्फ काम उपलब्ध करवाता है, बल्कि इससे आपकी व्यक्तिगत पकड भी अच्छी बनती है।

- **तार्किक एवं परिस्थितियों का आकलन** : एक इवेंट मैनेजर की सोच तार्किक होने के साथ-साथ क्रिटिकल होनी चाहिए। किसी भी समस्या को समझने तथा तत्काल उसका हल ढूंढने की क्षमता सफल इवेंट मैनेजर बनाने में मददगार हो सकता है।

- **नेटवर्किंग स्किल्स** : जबरदस्त नेटवर्किंग स्किल्स के जरिए आप आयोजनों को सफलतापूर्वक संपन्न करा सकते हैं। किस-किस से संपर्क बनाए रखने से आपका आयोजन सफल हो सकता है, यह सारा खाका नेटवर्किंग के जरिए ही तय किया जाता है।

- **प्रतिकूलताओं से निपटने का गुण** : कई बार ऐसा होता है कि इवेंट के बीच में ही किसी तरह का अवरोध उत्पन्न हो जाने से स्थिति हास्यास्पद हो जाती है। इससे व्यवसाय प्रभावित होने का खतरा उत्पन्न हो जाता है। आयोजन के दौरान कहीं भी किसी भी व्यवस्था के गडबड होने पर उसे तत्काल सही रूप देना एक अच्छे इवेंट मैनेजर की क्वालिटी होनी चाहिए।

- **टीम वर्क एवं लीडरशिप** : टीम के रूप में काम करने तथा टीम का नेतृत्व करने की क्षमता एक इवेंट मैनेजर के लिए बहुत जरूरी है। किसी भी कार्य को संगठित करने का कौशल इस व्यवसाय के लिए बहुत जरूरी है।

❖ प्रमुख संस्थान

- www.amity.edu/admission एमिटी इंस्टीट्यूट ऑफ इवेंट मैनेजमेंट, नई दिल्ली
- www.niemindia.com नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ इवेंट मैनेजमेंट, मुंबई
- www.emdiworld.com इवेंट मैनेजमेंट डेवलॅपमेंट इंस्टीट्यूट, मुंबई
- www.nifms.com नेशनल इंस्टीट्यूट फॉर मीडिया स्टडीज, अहमदाबाद
- www.iiftindia.net इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फैशन टेक्नोलॉजी, नई दिल्ली
- www.coemindia.com कॉलेज ऑफ इवेंट एंड मैनेजमेंट, पुणे
- www.iemindia.com इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ इवेंट मैनेजमेंट, मुंबई
- www.naemd.com नेशनल एकेडमी ऑफ इवेंट मैनेजमेंट एंड डेवलॅपमेंट, जयपुर
- इंटरनेशनल सेंटर फॉर इवेंट मार्केटिंग एंड मार्केटिंग, नई दिल्ली
- इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ इवेंट मैनेजमेंट, मुंबई

****